प्रारंभिक संबोधन

सत्र – 207

22 जुलाई, 2024

माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,
माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय,
माननीय नेता, विरोधी दल,
माननीय सदन उप नेता द्वय,
माननीय मंत्रीगण,
माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,
माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल,
माननीय उप मुख्य सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल,
माननीय सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल,
विभिन्न दलों के माननीय नेतागण,
बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण,
प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण !

बिहार विधान परिषद् के 207वें सत्र में आप सबों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

सदन में नवनिर्वाचित 12 माननीय सदस्य श्री नीतीश कुमार, श्रीमती राबड़ी देवी, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, श्रीमती अनामिका सिंह, डॉ. (श्रीमती) उर्मिला ठाकुर, श्री मंगल पाण्डेय, श्री मो. खालीद अनवर, श्री लाल मोहन गुप्ता, श्रीमती शशि यादव, श्री सैयद फैसल अली, श्री संतोष कुमार सुमन एवं श्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने शपथ ली है। सभी सदस्यों को अपनी ओर से तथा सदन की ओर से बधाई देते हुए एवं स्वागत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है।

साथ ही, माननीय सदस्य श्रीमती राबड़ी देवी को पुनः नेता, विरोधी दल चुने जाने पर बधाई देता हूं। माननीय सदस्य प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं श्री ललन कुमार सर्राफ को सदन उप नेता मनोनीत किए जाने पर बधाई देता हूं।

अवधेश नारायण सिंह
कार्यकारी सभापति
बिहार विधान परिषद्

माननीय सदस्य श्री संजय प्रकाश को उप मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल तथा माननीय सदस्य श्री नीरज कुमार एवं माननीय सदस्य श्रीमती रीना देवी को सचेतक, सत्तारूढ़ दल मनोनीत किए जाने पर बधाई देता हूं।

मुझे विश्वास है कि इस सत्र में प्रस्तावित कुल 5 बैठकों में राज्यहित एवं विकास से जुड़े अधिक-से-अधिक विषयों पर सार्थक विमर्श होंगे। सत्र के दौरान माननीय सदस्यों से यह भी अपेक्षा है कि जनहित की समस्याओं के समाधान हेतु सदन की क्रियाशीलता में सहभागी बनें।

हाल ही में विश्वविख्यात नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस के उद्घाटन से पूरी दुनिया में इसका महत्व एक बार फिर से स्थापित हुआ है। इस ऐतिहासिक अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी, बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, भारत के विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर एवं 17 देशों के मिशन प्रमुख भी उपस्थित हुए। हम इन सभी महानुभावों के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह हमारे बिहार के लिए गौरव की बात है।

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्तमान सरकार द्वारा विकास की नई इबारतें लिखी जा रही हैं। पटना के जे.पी. गंगा पथांश का गायघाट से कंगनघाट तक के विस्तार से गुरु गोविन्द सिंह की जन्मस्थली पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचकर अरदास करने हेतु भी सुगम मार्ग उपलब्ध हो गया है। आशा है कि शीघ्र ही इस पथ का विस्तार दीदारगंज तक हो जाएगा। मीठापुर-सिपारा-महुली-पुनपुन पथ निर्माण की स्थिति पर सरकार लगातार नजर रख रही है। पटना में मेट्रो रेल परियोजना का विकास भी द्रुत गति से हो रहा है। साथ ही, राज्य के अन्य शहरों में भी मेट्रो परियोजना पर अध्ययन करने हेतु सरकार अपना संकल्प जाहिर कर चुकी है। वाल्मीकिनगर सभागार निर्माण एवं वहां अन्य सुविधाओं के विकास से बिहार में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। सात निश्चय-2 के अंतर्गत 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रोजगार उपलब्ध कराने के संकल्प का स्वरूप क्रियाशील होता जा रहा है। अब तक इस सरकार द्वारा 5 लाख 16 हजार नौकरी उपलब्ध कराई जा चुकी है। सरकार इस दिशा में लगातार प्रयत्नशील है। इससे राज्य के युवकों में सरकार के संकल्प के प्रति विश्वसनीयता बढ़ी है। राज्य के विभिन्न स्थानों पर आई बाढ़ एवं नदियों के कटाव से उत्पन्न स्थिति पर सरकार लगातार नजर रख रही है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा

प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी किया गया है। आपदा प्रभावित परिवारों को आवश्यक वस्तुएं एवं सहायता उपलब्ध कराने हेतु सरकार कृतसंकल्पित है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वज्रपात से हुई मौतों के आंकड़ों में हो रही वृद्धि चिन्ताजनक है। जान-माल की क्षति रोकने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सलाह लेकर वृहद कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है।

29 जून 2024 को भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को एक रोमांचक संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा खिताब जीता। भारतीय महिला टीम ने भी दक्षिण अफ्रीकी टीम को टेस्ट मैच, एक दिवसीय तथा टी-20 सीरिज में हराकर कीर्तिमान स्थापित किया है। सदन की ओर से भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीम को बधाई।

आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय टीम को अग्रिम बधाई। हमारी शुभकामना है कि सभी खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करेंगे। हमारे लिए अत्यंत गौरव की बात है कि बिहार की बेटी और माननीय विधायक, सुश्री श्रेयसी सिंह का चयन निशानेबाजी के लिए भारतीय ओलंपिक टीम में हुआ है। समस्त सदन की ओर से मैं उनको बधाई एवं शुभकामना देता हूं।

मुझे विश्वास है कि सदन के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का रचनात्मक सहयोग प्राप्त होगा और सभी विषयों पर सकारात्मक विमर्श से समस्याओं के समाधान के नए रास्ते प्रशस्त होंगे। सत्र संचालन में पूर्व की भांति परिषद् सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मियों तथा लोकतंत्र के प्रहरी मीडिया के बंधुओं से भी अपेक्षित सहयोग की आशा करता हूं।

अंत में, आप सबों का हार्दिक स्वागत करता हूं और सदन के सफल संचालन हेतु आप सब लोगों के सहयोग की आशा रखता हूं।

अवधेश नारायण सिंह

22 जुलाई, 2024